आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

06.11.2020

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली ने विकास के नित्य नये आयाम स्थापित करने की श्रृंखला में आज एक और नया अध्याय जोड़ दिया है। इसी विकास के क्रम में दिनांक 06.11.2020 को एमसीएफ में विनिर्मित प्रथम वातानुकूलित लगेज पावर कार (**एल.एस.एल.आर.डी.ए.सी.**) को महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस कोच में विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का समावेश किया गया है जिसमें 750 के.वी.ए. डीजल जनरेटर स्थापित किया गया है तथा साथ ही साथ कोच में दिव्यांगजनों की सहूलियत के लिए विशेष ध्यान रखा गया है जिसमें 6 दिव्यांगजनों एवं एक ट्रेन मैनेजर के बैठने की व्यवस्था है जो पूर्णतः वातानुकूलित है। दिव्यांगजनों के लिए अनुकूल एक शौचालय की भी व्यवस्था की गयी है।

इस कोच में अधिकतम वाणिज्यिक उपयोग का भी ध्यान रखा गया है जिसमें चार टन सामान ले जाने की क्षमता है जो स्वचलित अग्निशमन प्रणाली से सुसज्जित है ।

06/11/2020

(वी. के. दूबे)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी